rabad, Ahmedabad, Delhi and Bombay have been apprehended and disciplinary action has been initiated against them.

"फ्रेंचाइज पे टेलीफोन" के उपभोक्ताओं द्वारा बिलों का भुगतान न किया जाना

3953. **श्री राम सिंह राठवा :** क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में "पे-टेलीफोन" के उपभोक्ताओं ने पिछले कई महीनों से टेलीफोन बिलों का भुगतान नहीं किया है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) बिलों की बकाया राशि का एजेंसी-वार ब्यौरा क्या है ; और

(घ) बकाया राशि की वसूली के लिए सरकार ने क्या प्रयास किए हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) से (घ) सूचना संबंधित एकक से मांगी गई है और उसे यथाशीघ्र सदन-पटल पर रख दिया जाएगा ।

ग्रामीण क्षेत्रों में लगाये गये सार्वजनिक टेलीफोन

3954. **श्री राम सिंह राठवा :** क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए गए सार्वजनिक टेलीफोन (पी0सी0ओ0) एक-एक महीने तक खराब रहते हैं ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और त्रुटि के शीघ्र ठीक न कराये जाने के क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) और (ख) ग्रामीण क्षेत्रों में खराब सार्वजनिक टेलीफोनों को आमतौर पर उचित समय पर ठीक कर दिया जाता है । तथापि, कभी-कभी 'लांग ओपन वायर अलाइनमेंटों" के जरिए प्रदान किए गए सार्वजनिक टेलीफोन काफी समय तक खराब पड़े रहते है क्योंकि ये टेलीफोन लाइनें प्राकृतिक आपदाओं से शीघ्र प्रभावित होती हैं और इनकी चोरी होने की गुंजाइश भी अधिक होती है । ऐसी सार्वजनिक टेलीफोनों का कार्य-निष्पादन सुधारने के लिए विश्वसनीय "मल्टी एक्सेस रूरल रेडियो सिस्टम (एमएआरआर)" को दूरसंचार नेटवर्क के अंतर्गत उत्तरोत्तर रूप से पुनः स्थापित किया जा रहा है ।

उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीफोन केन्द्रों का स्थापित किया जाना

3955. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1992-93 के वर्ष के दौरान, उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीफोन केन्द्र स्थापित किए जाने का काम इस संबंध में निर्धारित किए गए लक्ष्य से पीछे चल रहा है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ; और

(ग) सरकार द्वारा लक्ष्य प्राप्त न किए जाने के क्या कारण है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) जी नहीं । 1992-93 के दौरान 41 नए टेलीफोन एक्सचेंज संस्थापित किए जाने की योजना है जिसमें से 25-3-93 तक 40 टेलीफोन एक्सचेंज खोले जा चुके हैं और 31 मार्च, 1993 तक शेष एक टेलीफोन एक्सचेंज चालू किए जाने की संभावना है ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते ।